राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ.4 (340) अकाद/आकाशि/शै0कार्यभार/2020–21/86 दिनांक : 5.3.2021

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान

विषय – **शैक्षणिक कार्यभार 2020–21 की स्प्रेड शीट "WORKLOAD 2020-21" भरने बाबत।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि **शैक्षणिक कार्यभार 2020–21** गणना हेतु महाविद्यालय की ई–मेल पर WORKLOAD 2020-21 स्प्रेड शीट प्रेषित की गई है।

स्प्रेड शीट में भरे जाने वाले कॉलम जिसका टाइटल "Work load as per norms in Subject (count in periods)" में उस विषय के प्रति सप्ताह कुल कालांशो की संख्या भरी जानी है। "No. of Working faculty members (in Subject)" वाले कॉलम में उस विषय में आपके महाविद्यालय में उन पदस्थापित संकाय सदस्यों की संख्या भरी जानी है जिनका वेतन आपके महाविद्यालय से आहरित किया जा रहा है।

कार्यभार गणना के अनुसार संकाय सदस्यों की संख्या "No. of post required as per norms (in subject)" की गणना निम्नानुसार की जावे :–

- प्राचार्य–05 कालांश प्रति सप्ताह
- उपाचार्य–09 कालांश प्रति सप्ताह
- स्नातकोत्तर विभाग प्रभारी–14 कालांश प्रति सप्ताह
- स्नातकोत्तर कक्षाओं का अध्यापन करवाने वाले अधिकतम 05 वरिष्ठ संकाय सदस्यों का कार्यभार–16 कालांश प्रति सप्ताह प्रति संकाय सदस्य
- शेष अन्य स्नातकोत्तर व स्नातक कक्षाओं का अध्यापन कराने वाले संकाय सदस्यों का कार्यभार–18 कालांश प्रति सप्ताह प्रति संकाय सदस्य

महाविद्यालय में अगर विषय संचालित नहीं है तो स्प्रेड शीट में उस विषय में शून्य (0) भरे। स्ववित्तपोषित योजना (SFS) अन्तर्गत विषय/पाठ्यक्रमों के कार्यभार को इस स्प्रेड शीट में नहीं भरना है।

सभी प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि इसमें भरी गई सूचनाओं को जांच ले। इसमें भरी सूचनाओं की जिम्मेदारी व्यक्तिशः प्राचार्य की होगी। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसे दिनांक 13 मार्च, 2021 तक भरना सुनिश्चित करें। स्प्रेड शीट को भरने में किसी प्रकार की समस्या हो तो कार्यालय समय पर टेलिफोन नम्बर 0141–2706106 एवं 2706550 पर सम्पर्क करें।

05/03

(संदेश नायक, IAS)
आयुक्त, कालेज शिक्षा

क्रमांक : एफ.4 (340) अकाद/आकाशि/शै0कार्यभार/2020–21/86 दिनांक : 5.3.2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, को अपलोड हेतु।
2. समस्त प्रभारी अधिकारी कॉलेज समूह, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को निर्देशानुसार प्रति भेजकर लेख है कि अपने संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यो से सम्पर्क कर स्प्रेड शीट **WORKLOAD 2020-21** में चाही गई सूचना को अविलम्ब भरवायें।

05/03

(डॉ. सौमित्र नाथ झा)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक